तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025

12 खाद-बीज, राशन वितरण, स्वास्थ्य-शिक्षा पर रखें ...



12 बिजली दरों में बढ़ोतरी पर कांग्रेस का प्रदेश ...






## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25


### बैठक : सीईओ ने शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश

# शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षक उपयोग करें विनोबा ऐपः जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के दृष्टिकोण से सोमवार को जिले के शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन ने ली। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक विनोबा एप्प के माध्यम से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी नियमित तौर पर प्रदान करें। जिला स्तर से सभी गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जाएगी और बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही अवंती फाउंडेशन के माध्यम से जिले के प्रतिभावान बच्चों को जेईई की तैयारी के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। इसके लिए मेघावी बच्चों के चयन की प्रक्रिया शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रावीण्य सूची में स्थान दिलाने के लिए लक्ष्य के पूर्ति हेतु शिक्षकों को आवश्यक प्रयास करने के संबंध में निर्देशित किया गया है। इसे मद्देनजर रखते हुए बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने सहित उत्कृष्ट नतीजे हासिल करने के लिए समन्वित प्रयास सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मासिक टेस्ट एवं परीक्षा, यू-डाइस प्रोग्रेशन, शाला त्यागी के प्रवेश, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत संमीक्षा की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, जिला मिशन समन्वयक ▶▶ शेष पेज 12 पर



#### स्कूलों की गतिविधियों की होगी निगरानी

*ऐप के माध्यम से स्कूलों की गतिविधियों और शिक्षकों के प्रदर्शन की निगरानी की जा सकती है। संकुल, ब्लॉक और जिला स्तर के अधिकारी स्कूलों की गतिविधियों को देख सकते हैं और आवश्यक निर्देश या मार्गदर्शन दे सकते हैं। यह दैनिक और मासिक छात्र उपस्थिति की निगरानी में भी योगदान देता है, जिससे शीर्ष प्रदर्शन करने वाले स्कूलों की पहचान की जा सकती है। यह डेटा विश्लेषण के आधार पर त्वरित उपाय और मार्गदर्शन प्रदान करने में मदद करता है। शिक्षा अधिकारी स्कूल दौरों, स्कूल गतिविधियों और कक्षाओं पर अपने अनुभव और टिप्पणियों को आसानी से रिकॉर्ड और साझा कर सकते हैं।*

#### डिजिटल मंच है विनोबा ऐप

विनोबा ऐप ओपन लिंक फाउंडेशन द्वारा विकसित किया गया है। ऐप का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को शैक्षिक सहायता प्रदान करना है। जो शिक्षण सामग्री की उपलब्धता के साथ ही यह शिक्षकों को दैनिक एवं साप्ताहिक योजनाएँ, गतिविधियां, वर्कशीट और वीडियो सहित विभिन्न प्रकार की शिक्षण सामग्री प्रदान करती है। इससे शिक्षक अपनी कक्षाओं के लिए बेहतर तैयारी कर सकते हैं और बच्चों को रुचिकर तरीके से पढ़ा सकते हैं।

#### नवाचार को बढ़ावा देने में मिलेगी मदद

विनोबा ऐप शिक्षकों को अपने काम को सुविधाजनक बनाने और नवाचार को बढ़ावा देने में मदद करता है। दूरस्थ अंचलों के स्कूलों में जहां शिक्षकों की कमी होती है, वहां ऑडियो-वीडियो माध्यम से शिक्षण प्रक्रिया में सहायता मिलती है। शिक्षक अपनी कक्षागत गतिविधियों, स्कूल में होने वाले कार्यक्रमों, फोटो और वीडियो को ऐप पर साझा कर सकते हैं। यह शिक्षकों को एक-दूसरे के काम से सीखने, सर्वोत्तम उदाहरण को अपनाने और एक जीवंत शिक्षक समुदाय बनाने में मदद करता है।

## महावीर कॉलोनी के समीप मांस मदिरा-नशीले पदार्थों की बिक्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ समिति ने महापौर को दिया ज्ञापन
■ 3 दिन में कार्रवाई का मिला आश्वासन

कुम्हारपारा क्षेत्र में अवैध कब्जों से त्रस्त कॉलोनीवासियों ने महापौर से गुहार लगाई है। महापौर ने 3 दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कुम्हारपारा रायपुर रोड पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर के समीप महावीर गृह निर्माण समिति के द्वारा आवास का निर्माण किया गया है, जिसमें कई जैन परिवार निवासरत है। इस कॉलोनी के मुख्य द्वार पर विगत कुछ समय से अवैध रूप से कई दुकानें संचालित किया जा रहा है जिसमें गुटका, तम्बाकू, गांजा व अन्य नशीली सामान तथा मांस, मछली, मुर्गा का बिक्री किया जा रहा है। जिसका कचरा कालोनी में फेंका जाता है। इस कॉलोनी में रहने वाले पूर्ण शाकाहारी समुदाय के धार्मिक दृष्टिकोण से उचित नहीं है। महावीर गृह निर्माण समिति ने महापौर संजय पांडे को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि इन स्थलों पर अवैध दुकानों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है और उसे स्थायी रूप देने का प्रयास भी किया जा रहा है।

समिति का कहना है कि इस कॉलोनी में जैन संप्रदाय के लोक निवास करते हैं। इस कॉलोनी के मुख्य द्वार के सामने ही अवैध कब्जे में मांस मदिरा का विक्रय किया जा रहा है इससे न केवल कॉलोनी वासियों अपितु पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्रों को भी समस्या हो रही है।

#### नोटिस जारी करेंगे

*महापौर ने कहा कि महावीर गृह निर्माण समिति के सदस्य राजेश सालेचा, किशोर दुग्गड़, अशोक चांडक, गौतम श्रीश्रीमाल, सुमीत लोढ़ा, सुरेन्द्र तातेड़ सहित समिति के अन्य सदस्यों द्वारा अवैध कब्जे के विषय में ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने स्वयं उक्त स्थल पर अवैध कब्जे की पुष्टि करते हुए नोटिस जारी कर कार्रवाई की बात कही है।*

### खबर संक्षेप

#### आयुक्त कार्यालय में नवीन वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष का हुआ शुभारंभ



**जगदलपुर।** कमिश्नर डोमन सिंह ने मंगलवार को आयुक्त कार्यालय में नवीन वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवीन वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष के माध्यम से बस्तर संभाग के दूरस्थ क्षेत्र में एसडीएम, तहसील एवं जनपद पंचायत कार्यालय से सीधे जुड़कर विभागीय कार्यों सहित जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन स्थिति की समीक्षा करने में सहूलियत होगी। जिससे समय और श्रम दोनों की बचत के साथ ही मैदानी अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जा सकेगा। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार, आरती वासनिक एवं गीता रायस्त, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा पी मोहन सोनी सहित वरिष्ठ निज सहायक हरेंद्र जोशी और कमिश्नर कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

#### प्रतियोगी परीक्षा में अभ्यर्थियों की होगी फ्रिस्किंग जांच

**जगदलपुर।** व्यापमं द्वारा 20 जुलाई से आयोजित होने वाली परीक्षाओं में व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है, परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थियों के हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर से तथा हाथों से तलाशी, फ्रिस्किंग किया जाएगा। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में आवंटित एक पुरुष एवं एक महिला पुलिसकर्मी यह फ्रिस्किंग का कार्य करेंगे। ये पुलिसकर्मी परीक्षा प्रारंभ होने से 2.30 घंटा पूर्व अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र में अपनी उपस्थिति देंगे। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिसकर्मी से ही कराया जाएगा। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद इन दोनों पुलिसकर्मी में से एक-एक पुलिसकर्मी बारी-बारी से परीक्षा केन्द्र परिसर एवं केन्द्र के बाहर का निरीक्षण करते रहें ताकि कोई संदिग्ध गतिविधि न हो सके।

#### युवाओं के लिए रोजगार मेला लगेगा 18 को

**जगदलपुर।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल एवं रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेला का आयोजन 18 जुलाई को किया जाएगा। इस रोजगार मेले के माध्यम से साक्षात्कार के आधार पर सेल्स एग्जीक्यूटिव, आईटी परसन, मैकेनिक, इंश्योरेंस, आरटीओ, सुपरवाईजर, फ्लोर मैनेजर, टैली आपरेटर, मोटर मैकेनिक, वाशिंग बॉय आदि के पदों पर बीआर बालाजी एलएलपी, एवं महावीर ऑटो डील प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चयन किया जाएगा। सभी ▶▶ शेष पेज 12 पर

## छात्रहित में सभी शिक्षक कार्य करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करपावंड

■ पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल करपावंड में शिक्षा समिति की बैठक

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद हिंदी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करपावंड में शिक्षा समिति की बैठक रखी गई थी। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता को लेकर संस्था के प्राचार्य डीके कश्यप ने बताया कि हमें उत्कृष्ट कार्य करना है। कम समय में बेहतर कार्य करना है। सभी शिक्षक छात्र हित में कार्य करें। पिछले 3 वर्ष के परीक्षा परिणाम को भी लेकर चर्चा हुई। हमारे संस्था का परीक्षा फल बढ़ते क्रम में रहा है। अंग्रेजी माध्यम का परिणाम 100 रहा है। इस वर्ष अधिकतम छात्रों के व्यक्तिगत परिणाम 92 तक गया है। नए भवन की सुकृति मिली है। भवन के बनने से बहुत से समस्या हमारे दूर हो जाएगी। जिससे अध्यापन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होगी। स्थान चयन के बारे में चर्चा किया गया। स्कूल कैंपस में ही भवन निर्माण का निर्णय लिया गया। ग्रीष्मकालीन समर कैंप संचालित किया गया था जिसमें छात्रों ने समर कैंप का लाभ उठाया। शैक्षिक स्तर के बारे में भी चर्चा किया ▶▶ शेष पेज 12 पर

## पुल निर्माण कार्य होने से सर्विस रोड बंद, लोगों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ दूसरी रोड से पुराना पुल होते हुए एनएच जाना पड़ रहा
■ चारपहिया के कारण रोज बन रही जाम की स्थिति

लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग की ओर से शहर के पुराने पुल के पास उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है। मुक्तिधाम के निकट सर्विस रोड को बंद किया गया, जिससे पुराने पुल होते हुए एनएच जाने वाले लोग बस्ती के किनारे स्थित सड़क से जा रहे हैं। सड़क संकरी होने से चारपहिया पर जाम की स्थिति हो रही है, इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। वहीं दूसरी ओर पुराने पुल के पास ही 44 करोड़ रूपए की लागत से नए पुल का निर्माणाधीन कार्य हो रहा है। ठेकेदार के श्रमिक पुल के निर्माण कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। इसके चलते पुल के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा, इसमें से एक ओर सर्विस रोड का निर्माण पूरा हो गया और दूसरी ओर सर्विस रोड अधूरा है।



#### ठेकेदार को दिए निर्देश

*सेतु निर्माण संभाग जगदलपुर के एसडीओ संतोष दास ने बताया कि पुल निर्माण के ठेकेदार को निर्देश दिया कि समय में निर्माण कार्य पूरा करें। जिससे जाने-आने वालों को परेशानी नहीं हो।*

## परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर एनएसयूआई ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर।



■ प्रदेश सरकार के खिलाफ की गई नारेबाजी

जिला कांग्रेस कमेटी शहर व एनएसयूआई ने बिलासपुर में पीडब्लूडी परीक्षा में हुए डिजिटल नकल व धांधली के विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर सरकार की शिक्षा-विरोधी नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन किया।

एनएसयूआई शहर अध्यक्ष विशाल खंबारी ने बताया कि बिलासपुर के बहुचर्चित सब-इंजीनियर परीक्षा घोटाले ने प्रदेश की परीक्षा प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। जब-जब भाजपा सरकार आती है धांधली और भ्रष्टाचार साथ लाती है। कुल मिलाकर हाईटेक तकनीक से हुई पेपर धांधली भाजपा सरकार के संरक्षण का जीता जागता सबूत है। खंबारी ने कहा हमारी मांग है कि पीडब्ल्यूडी परीक्षा को रद्द कर पारदर्शिता के साथ पेपर हो अन्यथा एनएसयूआई उग्र आंदोलन करेगी।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा आज छत्तीसगढ़ में पेपर माफियाओं का आतंक दिनो दिन बढ़ते जा रहा है रोजगार की तलाश में बैठे युवा साथियों का भविष्य बर्बाद हो रहा है।

**ये रहे उपस्थित-** इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण प्रेम शंकर शुक्ला, अंगद त्रिपाठी, हनुमान त्रिवेद्री नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अजय बिसाई, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव, उपाध्यक्ष सेमीयल नाथ, सूरज कश्यप, संदीप दास, मनोज साहनी, रविशंकर तिवारी, सदाब अहमद, शुभम यदू, सईमा अशरफ, ज्योति राव सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेसी मौजूद रहे।

### सुकमा में छात्रों को प्रदर्शन के लिए उकसा रहे कांग्रेस और सीपीआई के लोग

# महुआ मोइत्रा को बस्तर के मामले में बोलने का कोई अधिकार नहीं : सांसद कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

कोंडागांव क्षेत्र में 7 बांग्लादेशी लोगों की गिरफ्तारी और जेल भेजने के मामले में पश्चिम बंगाल की सांसद महुआ मोइत्रा के बयान पर पलटवार करते सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर पांचवी अनुसूची और पेसा कानून वाला संवेदनशील क्षेत्र है। ऐसे मामलों में उन्हें बोलने का कोई अधिकार नहीं है। बांग्लादेशी लोगों पर कार्रवाई पुलिस और कोर्ट का मामला है, इस पर उन्हें बोलने से पहले विचार करना चाहिए। मंगलवार को सुबह अपने सरकारी आवास में पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के लोगों को पश्चिम बंगाल में शरण देकर प्रदेश को बरबाद किया गया है। ऐसा हम बस्तर में होने नही देंगे। वहीं सुकमा में छात्रों द्वारा 25 दिनों से छात्रावासों में सीट बढ़ाने की मांग को लेकर अनशन पर उन्होंने कहा कि कल सुकमा में था मुझे पता चला है कि छात्रों को उकसाने और गुमराह करने का काम सीपीआई और कांग्रेस के लोग कर रहे हैं। इसमें छात्रों को बचना चाहिए। वैसे भी छतीसगढ़ बनने के बाद पहले के 15 साल और अभी सत्ता में भाजपा के समय ही सबसे ज्यादा आश्रम छात्रावास खोले गए और सीट भी बढ़ाई गई।

अभी चल रही आबा योजना में सुकमा जिले में दो छात्रावास की स्वीकृति दी गई है। जगदलपुर शहर तथा सुकमा राष्ट्रीय राजमार्ग में जगह जगह गड्ढे होने के सवाल पर सांसद कश्यप ने कहा कि बारिश में थोड़ी बहुत समस्या तो रहती है लेकिन इसके लिए 5 साल सत्ता में रहे कांग्रेस जिम्मेदार है जिन्होंने सड़क निमार्ण में ध्यान नहीं दिया अगर कहीं सड़क बनाया गया, तो वहां भी गुणवता का ख्याल नहीं रखा गया। जहां तक सुकमा मार्ग में सड़क का सवाल है उसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों और कलेक्टर से बात हुई है। वैसे रिपेयरिंग और पीचिंग कार्य के लिए 30 लाख की स्वीकृति दी गई है ताकि बारिश में सड़कों का सुधार हो सके। इस पर चुटकी लेते हुए सांसद ने कहा कि सुकमा मार्ग की सड़क के बारे में कोंटा के विधायक कवासी लखमा कहते थे, इस सड़क को हेमा मालिनी के गाल की तरह बनवा दूंगा। उनका यह बड़बोलापन का परिणाम सड़कों की दुर्दशा है। उन्होंने कहा कि कोंटा तक सड़क को फोरलेन किया जाएगा।



#### डाक्टरों को सरकारी ड्यूटी पहले करनी चाहिए

सांसद ने कहा कि स्वास्थ्य के मामले पर बस्तर काफी संवेदनशील क्षेत्र है। ऐसे में मौजूद व्यवस्था के अनुसार डाक्टरों को सरकारी ड्यूटी पहले करनी चाहिए। शासन ने प्रायवेट प्रेक्टिस पर बंदिश लगाई है तो उसका पालन करना चाहिए। बस्तर में चिकित्सा का पेशा केवल नौकरी करना नहीं बल्कि सेवा का भी है। सरकारी सेवा में पदस्थ चिकित्सक यहां कि स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने में योगदान दें।

## पिकनिक मनाने गए दो युवक तेज बहाव में बहे, एक लापता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ गणेश बहार नाला की घटना, एसडीआरएफ की टीम कर रही तलाश

शहर के शांतिनगर वार्ड के दो युवक रविवार को पिकनिक मनाने गणेशबहार नाला गए हुए थे। इसी दौरान नहाने के दौरान दो युवक तेज बहाव में बह गए। कुछ देर के बाद एक युवक किसी तरह बाहर निकलने में कामयाब रही वहीं दूसरे लापता युवक की तलाश जारी है।

नानगुर थाना प्रभारी गणेशराम यादव ने बताया कि रविवार को शातिनगर क्षेत्र के रहने वाले संदीप नाग 19 वर्ष व रेलवे ▶▶ शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### श्रावण मास में शिव मूर्ति की विधि विधान से की स्थापना



**चारामा।** शांति नगर सिरसिदा में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को समाज सेवक कन्हैया सिंह ठाकुर सेवानिवृत शिक्षक के प्रयास एवं सहयोग से शांति नगर सिरसिदा में शिव मूर्ति की स्थापना विधि विधान से किया गया, जिसमें शिव भक्तों का भक्ति उमड़ पड़ा। स्थापना के बाद अधिकांश महिला शिव भक्ति भजन कामिनी ठाकुर, माधुरी ठाकुर, लता सिन्हा, राजकुमारी यादव, ललित बोरकर एवं गंगा साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रसाद वितरण में अंस ठाकुर एवं आदर्श ठाकुर का एवं चबूतरा निर्माण में घनश्याम सिन्हा, वेदांत, मनन सिन्हा एवं निवासियों का योगदान रहा।

### बालक आश्रम सुरूंगदोह के प्रभारी अधीक्षक निलंबित

**कांकेर।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत बालक आश्रम सुरूंगदोह के प्रभारी अधीक्षक ओकेश्वर चुरेन्द्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सहायक आयुक्त के अनुसार सांसद द्वारा उक्त बालक आश्रम के औचक निरीक्षण किया गया, उस दौरान प्रभारी अधीक्षक नशे की हालत में मिले। प्रधान अध्यापक एवं प्रभारी अधीक्षक के उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम 1,2,3 के विपरीत पाए जाने के कारण प्रभारी अधीक्षक को मूल पद प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बालक आश्रम सुरूंगदोह को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण (नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी कोयलीबेड़ा नियत किया गया है।

### चलती मेमू ट्रेन के सामने युवक कूदा, गई जान



**भानुप्रतापपुर।** बीती रात को भानुप्रतापपुर में एक युवक ने चलती ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर लिया। युवक की पहचान वार्ड क्रमांक 2 निवासी समीम खान उम्र 32 के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार घटना रात उस समय हुई जब मेमू ट्रेन ताडोकी-अंतागढ़ से दल्लीराजहरा जा रही यात्री ट्रेन भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन पार कर रही थी, जैसे ही ट्रेन स्टेशन से आगे बढ़ी। समीम खान ने रेलवे ओवरब्रिज के नीचे ट्रेन के सामने छलांग लगा दिया। हादसे के बाद ट्रेन के पायलट ने तुरंत ट्रेन रोकी और मौके पर पहुंचा। घटना का समय सोमवार- मंगलवार की रात्रि 11 बजकर 54 मिनट की है। इस समय ट्रेन ताड़ोकी से यात्री छोड़कर वापिस दल्लीराजहरा जा रही थी, लेकिन हादसा नगर क्षेत्र के बीच में होने के कारण घायल युवक को ट्रेन से नहीं ले जाया जा सका। ट्रेन चालक ने घटना की जानकारी भानुप्रतापपुर स्टेशन मास्टर को दिया। स्टेशन मास्टर ने घटना की जानकारी भानुप्रतापपुर पुलिस को दिया। भानुप्रतापपुर पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक समीम की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने रात में ही शव को मरचुरी में रखवाया। मंगलवार 15 जुलाई को शव का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौप दिया। मुहल्लेवासियों का कहना है कि पति-पत्नी का विवाद का मामला है। कई बार थाने में समझाइश भी दिया गया। विवाद के चलते पत्नी अपने दो बच्चों के साथ अलग किराए मकान में रहती थी। मृतक पत्नी पर चरित्र शंका करता था। सोमवार को भी पत्नी के पास जाकर फोन नहीं उठाती, बोलकर विवाद किया और दोपहर दो बजे यह कहकर निकल गया अब कभी नहीं आऊंगा और रात्रि में यह घटना सामने आई है। एसआई अनिल पालेश्वर ने बताया पुलिस को जानकारी मिलने पर घटना स्थल पहुँच गए जहां युवक की मौत हो गई थी। ट्रैक में लेटा था या ऊपर से छलांग लगाया स्पष्ट नहीं है। सिर में गंभीर चोट है। हाथों में ग्रीस लगा हुआ था। मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। परिजनों से पूछताछ के बाद ही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# विधानसभा में गूंजी बस्तर की आवाज़, लता उसेंडी ने उठाए यात्री सुविधा और मत्स्य पाठ्यक्रम के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी ने विधानसभा सत्र के दौरान बस्तर संभाग की ज्वलंत समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने यात्री परिवहन, सुरक्षा और स्वरोजगार को लेकर दो प्रमुख सवालों के माध्यम से सरकार से जवाब मांगा।

विधायक उसेंडी ने रायपुर–बस्तर–दंतेवाड़ा रूट की बस सेवाओं, परमिट की वैधता, समय–सारणी और बीते दो वर्षोंमें हुई दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी मांगी। उन्होंने पूछा कितनी बसें चल रही हैं और उनके पास वैध परमिट हैं या नहीं, दो वर्षोंमें कितने हादसे हुए कितने लोग घायल हुए या मारे गए, महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए क्या उ गए हैं, सरकार का जवाब 73 हादसे, 32 मौतें कोई मुआवजा नहीं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि पूछे गए समय में कुल 73 बस हादसे हुए, जिनमें 169 लोग घायल और 32 की मौत हुई। हालांकि, मृतकों और घायलों को किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं दी गई। महिला सुरक्षा को लेकर कोई विशेष हेल्पलाइन नंबर अब तक जारी नहीं किया गया है। परमिट मोटरयान नियम 1994 के अनुसार जारी किए जाते हैं।

## बस परमिट और सुरक्षा पर कड़ी चिंता, सरकार ने दिया आधिकारिक जवाब



### मत्स्य पालन शिक्षा पर बस्तर को नहीं मिला अवसर

*दूसरे सवाल में लता उसेंडी ने बस्तर संभाग में मत्स्य पालन विषय पर कॉलेजों में पाठ्यक्रम न होने पर चिंता जताई। अब तक प्रदेश में 465 विद्यार्थी डीएफएससी पाठ्यक्रम से उत्तीर्ण हो चुके हैं। इनमें से 70 को सरकारी नौकरी मत्स्य निरीक्षकध्सहायक अधिकारी मिली है। बस्तर संभाग में न तो कोई मत्स्य पाठ्यक्रम संचालित हो रहा है, न ही कोई प्रस्तावित है। स्वरोजगार को बढ़ावा देने की बात, लेकिन तैयारी नहीं सरकार ने बताया कि मत्स्य नीति 2022 के तहत तालाबोंध्जलाशयों के लिए पट्टा आवंटन की सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध है। युवा निजी क्षेत्र में मत्स्य पालन कर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। लेकिन क्षेत्र में प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम और ढांचा नहीं होने से स्थानीय युवाओं को लाभ नहीं मिल पा रहा। विधायक की मांग बस्तर के युवाओं को भी मिले शिक्षा और सुरक्षा का अधिकार। लता उसेंडी ने जोर दिया कि, बस्तर क्षेत्र को यात्री सुविधाएं, महिला सुरक्षा और शैक्षणिक अवसरों में उपेक्षित नहीं किया जाए। सरकार को बस्तर के लिए व्यवस्थित परिवहन और मत्स्य शिक्षा की पहल करनी चाहिए।*

## बैठक : कोंडागांव में कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक

# खाद-बीज, राशन वितरण, स्वास्थ्य-शिक्षा पर रखें नजर, राशि का दुरुपयोग रोकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- ई-ऑफिस प्रणाली को दिया गया विशेष महत्व
- बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान सहित जल जीवन मिशन की समीक्षा भी की गई

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में आज साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में खाद–बीज की उपलब्धता, राशन वितरण, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य विभागीय कार्योंकी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने ज ई–ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए सभी विभाग प्रमुखों को अपने सभी शासकीय फाइलें और दस्तावेज ई–ऑफिस के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में विभिन्न विभागों के कार्योंकी गहन समीक्षा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। राशन वितरण, खाद्य अधिकारी को तीन माह के राशन वितरण की जानकारी लेते हुए शत–प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवास निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और राशि के दुरुपयोग को रोकने के निर्देश दिए गए। लापरवाही या दुरुपयोग पाए जाने पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। शिक्षा विभाग, विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली गई और लंबे समय से अनुपस्थित या मद्यपान करने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। महिला एवं बाल विकास विभाग, एफआरएस कार्य में प्रगति लाने और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश सीईओ जनपद को दिए गए। सभी आंगनबाड़ी के बच्चों को विभाग द्वारा प्राप्त ड्रेस उपलब्ध कराने और निर्धारित ड्रेस में ही बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।



### स्वास्थ्य विभाग की भी हुई समीक्षा

स्वास्थ्य विभाग, जिला अस्पताल के मरम्मत कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। सीट स्कैन, एक्सरे मशीन सहित अन्य आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों के कार्यशील होने को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने यह भी सख्त निर्देश दिया कि कोई भी अस्पताल निर्धारित समय में बंद नहीं होना चाहिए। परिवार नियोजन और जागरूकता, ग्रामीण क्षेत्रें में परिवार नियोजन के लिए काउंसलिंग पर जोर दिया गया, और स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग को संयुक्त रूप से बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने को कहा गया। जल जीवन मिशन, कार्योंकी प्रगति की समीक्षा की गई और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया गया। कृषि विभाग, कृषि कार्य के दौरान समुचित खाद–बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कृषि केंद्रों में खाद की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोंडागांव में किशोरी बालिकाओं को आत्मरक्षा व करियर का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- बालिकाओं को दी जा रही है आत्मरक्षा, जीवनशैली और करियर पर महत्वपूर्ण जानकारी

कोंडागांव जिला मुख्यालय स्थित प्री–मैट्रिक और पोस्ट–मैट्रिक कन्या छात्रवास की किशोरी बालिकाओं को 9 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तीन दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत आयोजित किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन, बालिकाओं के संरक्षण, जीवनशैली, पोषण, शिक्षा और करियर चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवादात्मक चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बालिकाओं को इन सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी और उन्हें जीवन में बेहतर व सशक्त निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया। आत्मरक्षा प्रशिक्षण आईटीबीपी से प्रशिक्षित और नेशनल मेडल विजेता अनिल गोटा द्वारा दिया गया। उन्होंने अपने अनुभवों से बालिकाओं को प्रेरित किया और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति टीम, छात्रवास अधीक्षक और छात्रवास के समस्त स्टाफ की सक्रिय उपस्थिति रही।



# बिजली दरों में बढ़ोतरी पर कांग्रेस का प्रदेश सरकार पर तीखा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- भाजपा सरकार ने आम जनता और किसानों की तोड़ दी है कमर : कांग्रेस
- 16 से 22 जुलाई तक होगा प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ में डेढ़ साल के भीतर चौथी बार बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर भाजपा सरकार पर कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है। कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में इसे जनता की जेब पर डकैती करार देते हुए सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताया।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि घरेलू बिजली दरों में 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट, गैर–घरेलू में 25 पैसे और कृषि पंपों के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी करके भाजपा सरकार ने आम जनता और किसानों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि पहले से ही खाद, बीज और बिजली कटौती से जूझ रहे किसान अब और ज्यादा आर्थिक बोझ तले दब जाएंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बुधराम नेताम ने कहा, भाजपा की सरकार जनता को लूटने का काम कर रही है। 2003 से 2018 तक रमन सरकार ने लगातार बिजली के दाम बढ़ाए और अब साय सरकार भी उसी राह पर चल रही है। कांग्रेस ने दावा किया कि उनकी पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल 2018–2023 में केवल 2 पैसे की औसत वृद्धि हुई थी और उन्होंने बिजली बिल हाफ योजना के तहत 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को 3240 करोड़ रुपये की राहत दी थी। साथ ही किसानों को 5 एचपी तक मुफ्त बिजली और बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट तक निशुल्क बिजली मुहैया कराई गई थी।

**आंदोलन की घोषणा –** कांग्रेस ने ऐलान किया है कि वह इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ प्रदेशभर में आंदोलन करेगी। 16, 17 एवं 18 जुलाई को ब्लॉक स्तर पर बिजली कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। 22 जुलाई को जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन और बिजली विभाग के दफ्तर का घेराव किया जाएगा।

**कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे मौजूद –** प्रेस वार्ता में बुधराम नेताम के साथ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, झूमू लाल दीवान, रितेश पटेल, गीतेश गांधी, कपिल चोपड़ा, तरुण गोलछा, सकुर खान, नरेंद्र देवांगन, भंगी पटेल, उमर मेमन, नंदू दीवान समेत कई कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### कांग्रेस ने सरकार पर लूट का लगाया आरोप

कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि कई सरकारी विभाग और उपक्रम बिजली बिल नहीं चुका रहे हैं और उसका बोझ आम उपभोक्ताओं पर डाला जा रहा है। साथ ही बिजली चोरी और लाइन लॉस के बढ़ते मामलों की जिम्मेदारी भी जनता पर थोपी जा रही है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि ग्रीन टैक्स, रेलवे मालभाड़ा, डीजल एक्साइज और अडानी से महंगे कोयले की खरीद जैसी गलत नीतियों के कारण बिजली उत्पादन की लागत बढ़ी है, जिसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर डाला जा रहा है। स्मार्ट मीटर और प्रीपेड मीटर को लेकर भी कांग्रेस ने सरकार पर लूट का आरोप लगाया और कहा कि लगातार उपभोक्ताओं को अनाप–शनाप बिल थमाए जा रहे हैं, जबकि अघोषित बिजली कटौती रोजमर्रा की समस्या बनी हुई है।

# यौमे पैदाइश में मुस्लिम समाज करेगा पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- अंजुमन इस्लामिया कमेटी की अनोखी पहल
- बर्थ डे पार्टी में होने वाली फिजूल खर्च पर विराम लगाने की मुहिम

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मुस्लिम समाज की ओर से अनोखी पहल की जा रही हैं। बर्थ डे में केक काटने की बढ़ती परंपरा से हटकर मुस्लिम समुदाय के लोग अब अपनी आने वाली पीढ़ी को अच्छी आबोहवा देने के लिए पौधारोपण अभियान में सहभागिता निभाने लगे हैं। अंजुमन इस्लामिया कमेटी के द्वारा जमात के किसी भी शख्स की यौमे पैदाइश के दिन पर एक पौधा लगाने की मुहिम का आगाज अंजुमन कमेटी के सदर मोहम्मद इमरान खान के यौमे पैदाइश के दिन 12 जुलाई से की गई हैं। अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा बाकायदा जमात के सभी लोगों को उनके यौमे पैदाइश के दिन फलदार पौधा उपलब्ध कराया जा रहा हैं। पौधा लगाने के लिए कब्रिस्तान, ईदगाह और नए जमात खाना की जमीन को चिन्हांकित किया गया हैं। वहीं अगर कोई अपने घर या बाड़ी में भी पौधे लगाने की इच्छा समाज प्रमुखों के सामने जाहिर करे तो कमेटी हरसंभव मदद कर एक पौधा उपलब्ध कराएगी। अभियान से जहां फिजूल खर्च में रोक लगाने की पहल की जा रही हैं।



### एक पेड़ मां के नाम से मिली प्रेरणा

मुस्लिम समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम से प्रेरणा लेते हुए मुस्लिम समाज अपनी सहभागिता निभा रहा हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की चिंता सभी स्तर पर होनी चाहिए। भविष्य के खतरे को देखते हुए पौधारोपण अभियान ही एक बेहतर विकल्प है, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को अनुकूल माहौल प्राप्त हो सकेगा।

### इस्लामी शिक्षाओं में पेड़ लगाने का महत्व

इस्लाम में पेड़ लगाने को बहुत महत्व दिया गया है, और पैगंबर मुहम्मद साहब ने भी पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की शिक्षा दी है। हदीस में है कि अगर कोई मुसलमान पेड़ लगाता है, तो उसे उस पेड़ से मिलने वाले हर फायदे का सवाब मिलेगा, चाहे वह फल हो, छाया हो, या किसी भी तरह का फायदा हो। पेड़ लगाना एक ऐसा दान है जिसका फल निरंतर मिलता रहता है, जब तक कि वह पेड़ जीवित है। अंजुमन इस्लामिया कमेटी की इस पहल का हिस्सा बनने के लिए लोगों से अपील की गई हैं।

### रपटा बहने की खबर हरिभूमि में प्रकाशित होते ही विभाग की खुली नींद, मरम्मत कार्य शुरू

**पखांजुर।** मानसून की शुरुआती बारिश में पीव्ही 2-3 सड़क का रपटा बह जाने से स्थानीय ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। इस घटना के कारण सड़क संपर्क टूट गया था, जिससे कई विद्यालयों की बसों का आवागमन बाधित हो गया था और बच्चों को स्कूल जाने के लिए लंबा व असुरक्षित रास्ता तय करना पड़ रहा था। हरिभूमि ने इस मामले को विभाग के संज्ञान में लाया और विभाग ने रपटा को सुधारने के लिए साधन लगा दिया। जानकारी के अनुसार कई विद्यालय के छात्र एवं ग्रामीणों के परेशान होने की जानकारी मिलने पर हरिभूमि ने प्रमुखता से 9 जुलाई को विभाग को समाचार प्रकाशित करके विभाग के संज्ञान में लाया गया था। विभाग के आला अफसरों ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए रपटा सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया। ग्रामीणों में खुशी की लहर है, क्योंकि विभाग ने पी व्ही 2-3 पर बहे रपटे को अस्थायी रूप से ठीक करवाना शुरू कर दिया है।

# 12 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ युवक को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कच्ची शराब का व्यापार शहर व आसपास के ग्रामीण इलाके में धड़ल्ले से चल रहा है। अवैध ढंग से शराब रखने व बेचने वालो पर कड़ी कार्यवाही करने के शख्त निर्देश उच्चाधिकारियों से मिलने पर पुलिस सक्रिय हो गई है। कांकेर पुलिस को अवैध रूप से शराब बेचने में संलिप्त कोचियों को पकड़े में सफलता मिली और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाई किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि अघन नगर कांकेर निवासी अखिलेश कुमार शर्मा सिटी सेंटर के पास अवैध रूप से महुआ शराब रखने और उसे बेचने के लिए ग्राहक की तालाश कर रहा है। पुलिस ने मुखबिर की जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत युवक की रेकी किया और इलाके की घेराबंदी कर छापामार कार्यवाई किया। कार्यवाई के दौरान पुलिस को आता देख शराब खरीदने वाले इधर उधर भाग गए। मौके पर आरोपी अघन नगर कांकेर निवासी 27 वर्षीय अखिलेश कुमार शर्मा पिता जागेश्वर शर्मा को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास दो पांच-पांच लीटर वाली पीला रंग की जरकीन मे लगभग 10 लीटर महूआ शराब एवं दो लीटर वाली बाटल में लगभग 2 लीटर कुल 12 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत 1200 रुपएं व नगर 300 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।



### इनकी भूमिका रही अहम

*सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में सउनि सोमेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक फलेश्वर कुदराम, आरक्षक मुनेश्वर शोरी, महिला आर सविता नाग एवं पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रही।*

## पेज 11 के शेष

### शिक्षा की गुणवत्ता...

समग्र शिक्षा अखिलेश मिश्रा, एपीसी राकेश खापर्डे एवं जयनारायण पाणीग्राही, विनोबा ऐप की जिला समन्वयक नीलिमा, अवंती फाउंडेशन के प्रतिनिधि सहित जिले में पदस्थ खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक एंव प्राचार्य उपस्थित थे।

**जानकारी एकत्र करने में मिलेगी मदद–** यह ऐप विभिन्न डेटा संग्रह चैनलों जैसे फॉर्म, एक्सेल शीट, ओएमआर शीट आदि के माध्यम से शिक्षकों और शिक्षा अधिकारियों से जानकारी एकत्र करने में मदद करता है। साथ ही अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों और स्कूलों की पहचान की जाती है। ऐसे शिक्षकों को ब्लॉक या जिला स्तर पर सम्मानित किया जाता है, जिससे अन्य शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। यह ऐप समग्र शिक्षा अकादमिक कार्यक्रमों जैसे मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान, जीवन कौशल कार्यक्रम जैसे कविता पाठ, कहानी सुनाना, विज्ञान क्लब, पर्यावरण क्लब, किचन गार्डन, स्पोकन इंग्लिश इत्यादि को प्रभावी ढंग से लागू करने में सहायता प्रदान करता है। विनोबा ऐप ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा में बदलाव लाने और सीखने के परिणामों में सुधार लाने के लिए एक व्यापक डिजिटल मंच है, जो शिक्षकों को सशक्त बनाता है और संचार को सुव्यवस्थित करता है।

### छात्रहित में सभी...

गया छात्रों की अनुपस्थिति में लगातार हो रहे गिरावट के संबंध में पालकों से सहयोग की अपेक्षा किया गया। स्कूल समय को लेकर समिति के सामने बात रखा गया कि दो शिफ्ट में संचालन हो रहा है ।

### युवाओं के लिए...

तरह के योग्यताधारी 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट महिला व पुरूष आवेदन कर सकते हैं।

### पिकनिक मनाने...

कालोनी निवासी कमलेश नाग लगभग 22 वर्ष घुमने के लिए गणेशबहार नाला की ओर गए हुए थे। इसी दौरान पानी में नहाने के दौरान दोनों तेज बहाव के चलते पानी में बह गए। कमलेश नाग किसी तरह बाहर निकलने में कामयाब रहा जबकि तेज बहाव के चलते संदीप नाग बाहर नहीं निकल पाया। घटना की जानकारी मिलते ही नानगुर पुलिस के अलावा एसडीआरएफ की टीम भी लापता युवक की तलाश करने में जुट गई। लेकिन दो दिन बाद भी लापता संदीप का सुराग नहीं मिल सका। लापता युवक की तलाश के लिए ओडिशा से लेकर सुकमा तक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच लगभग 10 किमी रेंज में तलाशी अभियान चलाया जा चुका है। टीआई गणेशराम यादव ने बताया कि हमारी टीम ओडिशा बार्डर तक तलाश कर चुकी है और लापता युवक की सूचना ओडिशा व आसपास के क्षेत्रों में दी गई है। पानी अधिक होने की वजह से तलाशी अभियान में बाधा हो रही है लेकिन हमारा प्रयास जारी है।

## खबर संक्षेप

### आदिवासी समाज की आवाज को राष्ट्रीय मंच पर सशक्त करने की पहल : बघेल



**बस्तर।** नई दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देशभर के आदिवासी नेताओं के साथ विशेष बैठक आयोजित कर आदिवासी समाज के अधिकारों एवं उनके विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विधायक लखेश्वर बघेल ने बस्तर क्षेत्र की समस्याओं एवं स्थानीय जनहित के मुद्दों को राहुल गांधी के समक्ष रखा और विस्तार से अवगत कराया। आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया मौजूद रहे। छग कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज एवं प्रदेश के समस्त आदिवासी विधायकों ने भी अपने-अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को साझा करते हुए विचार-विमर्श में सहभागिता निभाई। यह बैठक आदिवासी समाज की चिंताओं को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से रखने एवं समाधान की दिशा में एक सार्थक कदम मानी जा रही है।

### सीआरपीएफ के शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य लाभ



**गीदम।** 165 बटालियन सीआरपीएफ गोलाकोंडा ने दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा सहायता प्रदान करने के लिए नागरिक कार्यक्रम के तहत ग्राम स्तरीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह शिविर बट्टीगुडागाव में आयोजित किया गया। जहां लगभग 200 ग्रामीणों और आसपास के पारा के निवासियों ने निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जाँच का लाभ उठाया। शिविर के दौरान रोगियों को आवश्यक दवाइयों भी वितरित की गईं। यह पहल वंचित आबादी तक बुनियादी स्वास्थ्य सेवा पहुँचाने और सुरक्षा बलों और स्थानीय समुदायों के बीच सकारात्मक जुड़ाव बनाने के लिए की गई थी। सीआरपीएफ के प्रयासों की ग्रामीणों ने बहुत सराहना की, जिन्हें समय पर चिकित्सा सहायता का लाभ मिला।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में हुई खेल प्रतियोगिता



**बस्तर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परचनपाल के छात्रों ने कबड्डी में गोल्ड मैडल जीतकर धूम मचा दी है। यह प्रतियोगिता डीएवी नगरनार में आयोजित की गई थी, जिसमें 17 डीएवी स्कूलों ने भाग लिया था। फाइनल में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गुमड़पाल और डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल परचनपाल के बीच कड़ी टक्कर हुई। जिसमें परचनपाल के छात्रों ने गुमड़पाल के टीम को हराकर जीत हासिल की। इस खेल में गोल्ड मैडल विजेताओं के नाम मनमोहन, थालेश कुमार बघेल, भावेश चंदेल, भावेश ठाकुर, संस्कार ठाकुर, नरेंद्र बघेल, मोक्ष साहू, मोहित ठाकुर, सूरज बघेल, रुद्रनारायण कश्यप, समीर यादव, खेमेश्वर बघेल है।

# ग्रामीणों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

**महतारी वंदन योजना से 70 लाख माताओं-बहनों को दे रहे 1000 रु. प्रतिमाह**



सांसद महेश कश्यप सोमवार को छिंदगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत उरमापाल में आयोजित लोकार्पण शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। जिलास्तरीय कार्यक्रम उरमापाल में सीसी सड़क चौक से स्कूल तक एवं 2 मीटर पुलिया सहित जिसकी लागत 19.99 लाख रुपये और नवीन हाईस्कूल गुम्मा में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य 440 मीटर जिसकी लागत 26.14 लाख रुपये का लोकार्पण किया गया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जनजातीय वर्ग के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हो रही है। उनके नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर निरन्तर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री के सुशासन में छत्तीसगढ़ राज्य में भी हर वर्ग हर क्षेत्र का विकास हो रहा है। गांव गांव में पक्का मकान बन रहा है, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन से महिलाओं को बहुत राहत मिली है। महतारी वंदन योजना से 70 लाख माताओं-बहनों को 1000 रुपये प्रतिमाह दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों का कल्याण हो रहा है। जन जन तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। दूरस्थ वनांचलों में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं और शिविर लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। सुशासन तिहार में मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों का दौरा किया। सुशासन तिहार और समाधान शिविर से जनकल्याण की बुनियाद लिखी गई। जनजाति गौरव वर्ष में आयोजित धरती आबा विकास कार्यक्रम भी जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है। उरमापाल के कार्यक्रम के पश्चात कश्यप छिंदगढ़ पहुंचे और यूको बैंक के नए भवन का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी, सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम, सरपंच देवाराम मरकाम, सरपंच गुम्म , विमला नाग, सोयम मुका, पार्वती प्रधानी तथा अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जनता की जेब में सरकार कर रही डकैती

# डेढ़ साल के भीतर भाजपा की सरकार ने चौथी बार बढ़ाए बिजली के दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा




जिला कांग्रेस कमेटी के प्राधिकारी द्वारा जिले व प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती, लगातार बढ़ती बिजली समस्या को लेकर पत्रकार वार्ता किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने प्रेसवार्ता में बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लूटने का काम भाजपा सरकार ने किया है। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है,

■ जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी

गैर घरेलू बिजली की दर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चलते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान हैं, अब कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ रही है। इतिहास गवाह है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में जनता को लूटने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जाते हैं। 2003 से 2018 तक भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने हर साल बिजली के दामों में वृद्धि की। 2003 में छत्तीसगढ़ में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 3 रुपए 30 पैसे के दर पर बिजली मिला करती थी, जिसे 15 साल के कुशासन के बाद रमनसिंह के समय ही 6 रुपए 40 पैसे तक बढ़ाया गया, जिसे चुनावी वर्ष 2018 में मात्र 20 पैसे घटाकर 6 रुपया 20 पैसे किया गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में पूरे 5 साल का नेट वृद्धि यदि देखें तो मात्र दो पैसे का था, जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था। जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री विमल सलाम ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल ऑफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रुपए के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी। किसानों को 5 एचपी तक निशुल्क बिजली दिया, बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट तक मुक्त बिजली दी गई।

अस्पतालों, उद्योगों को सब्सिडाइज्ड दर पर बिजली देकर राहत पहुंचाया। भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश भर में बिजली की कटौती शुरू हो गई और कीमत लगातार बढ़ाई जाने लगी है। कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। भाजपा के नेता, मंत्री, विधायक और अधिकारी एसी का मजा लूट रहे। कई सरकारी विभाग बिजली का बकाया बिल जमा नहीं कर रहें, सरकारी उपक्रमों और सरकार के चहेतों का करोड़ों का बिजली बिल का भुगतान लंबित है, उसकी वसूली भी जनता से कर रही है। सत्ता के संरक्षण में बिजली चोरी और लाइन लॉस के मामले बढ़े हैं, जिसके चलते हो रहे नुकसान की भरपाई भी जनता से वसूली करके करना चाहती है।

केंद्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों के चलते हैं बिजली का उत्पादन लागत बढ़ा है। कोयले पर ग्रीन टैक्स चार गुना अधिक बढ़ा दिए, रेलवे का माल भाडा अधिक वसूल रहे हैं, थर्मल पॉवरप्लांट को अडानी की कंपनी से महंगे दर पर कोयला खरीदने बाध्य किया जा रहा है। डीजल पर सेंट्रल एक्साइज बढ़ाए जाने से परिवहन में और फायर के लिए उपयोग होने वाले डीजल की लागत बढ़ी है जिसकी भरपाई भी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाकर किया जा रहा है। प्रदेश भर से अनाप-शनाप बिजली बिल आने की शिकायत लगातार आ रही है, स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है।

अब तो जनता को लूटने के लिए अडानी की कंपनी का प्रीपेड मीटर भी लगाने की तैयारी है। भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है, अघोषित कटौती रोज-रोज जारी है, ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी करके जनता की जेब में डकैती डाला है। कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में जिलों में आंदोलन करेगी। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा शोरी, मनीष भट्टाचार्य, विवेक देवांगन, बुधनी बघेल, एन राजा, संजय विश्वकर्मा, संजय मौजूद रहे।

# वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने पर होगी कड़ी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

बस्तर ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता-2 मुंडकटिया पारा लामकेर बीट में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। ग्राम पंचायत और वन विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से अतिक्रमणकारियों को समझाइश दी और उन्हें वन भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता-2 के सरपंच ईस्पर मंडावी ने बताया कि ग्राम पंचायत एवं वन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध अतिक्रमण पर रोक लगेगी और वन भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा आगे भी ऐसे अवैध अतिक्रमण करने वाले लोगों को चिन्हांकित कर आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा। वरिष्ठ ग्रामीण पिलसाय मांझी ने अतिक्रमणकारियों को हटाने एवं उक्त वन भूमि को पुनः वन विभाग ग्राम पंचायत द्वारा हरे-भरे पेड़ पौधे लगाए जाने की बात कही, जिससे पर्यावरण और प्रकृति का संरक्षण होगा और वन भूमि का सही उपयोग सुनिश्चित होगा।

मंडावी ने कहा वन भूमि अतिक्रमण के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है, जिसमें अतिक्रमणकारियों को जुर्माना देना पड़ सकता है या उन्हें जेल भी हो सकती है। भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (1) ग एवं धारा 52 के तहत वन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

ग्राम पंचायतों को भी अपने स्वामित्व और खातेदारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के अधिकार दिए गए हैं। वे अतिक्रमणकारियों को नोटिस देकर उन्हें बेदखल कर सकती हैं। इस कार्रवाई से वन भूमि की सुरक्षा और अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

अतिक्रमण हटाने के बाद वन विभाग व ग्राम पंचायत के द्वारा उक्त वन भूमि में पौधारोपण किया जाएगा, जिससे पर्यावरण और प्रकृति का संरक्षण होगा और वन भूमि का सही उपयोग सुनिश्चित होगा।

इस दौरान वन समिति अध्यक्ष बुधराम, ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता -2 सरपंच ईस्पर मंडावी, ग्राम पटेल उर्दश्वर ठाकुर, वार्ड पंच सम्पत मंडावी, कोटवार श्यामलाल मंडावी, सुखदेव मंडावी, प्रेमसागर ठाकुर, सुरेश पोयाम, मनोज कुमार ठाकुर, सोनु मंडावी, गंगा नाग, अमर मंडावी, नंदो ठाकुर, पिलसाय मांझी, लखमु नाग, सती मंडावी एवं वन विभाग के अधिकारी और अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## आदिवासी छात्रों ने रोका काफिला, सांसद को रूट डायवर्ट कर भागना पड़ा : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि महेश कश्यप को प्रदर्शन कर रहे छात्रों से मिलना चाहिए था, रूट डायवर्ट करना जनप्रतिनिधि की नहीं डर की निशानी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार और उसके आदिवासी चेहरे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और बस्तर सांसद महेश कश्यप अब सवालों के घेरे में हैं। जिनके कंधों पर आदिवासी समाज के भविष्य की ज़िम्मेदारी थी, वही अब आंखें फेर रहे हैं। सुकमा जिले में सैकड़ों आदिवासी छात्र-छात्राओं को शिक्षा और छात्रावास की मांग को लेकर सड़क पर उतरना पड़ा, ये न सिर्फ सरकार की विफलता है, बल्कि एक बड़ा धोखा भी है।



उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्यमंत्री स्वयं आदिवासी हैं, सांसद महेश कश्यप भी आदिवासी समाज से आते हैं, लेकिन फिर भी उन्हें आदिवासी बच्चों की आवाज़ सुनने की फुर्सत नहीं है। प्रदर्शनकारी छात्रों से मिलने की बजाय सांसद ने अपना काफिला डायवर्ट कर लिया अगर यही सरकार की संवेदनशीलता है, तो फिर जनता कहां जाएगी। बस्तर विधायक ने कहा कि भाजपा सिर्फ चेहरों को आदिवासी बनाकर दिखावा कर रही है, लेकिन नीति और नीयत में आदिवासी समाज की कोई जगह नहीं है। सुकमा में जो हुआ वह कोई अचानक भड़का आंदोलन नहीं था, बल्कि लंबे समय से अनसुनी की गई मांगों का नतीजा है। प्री-मेट्रिक और पोस्ट-मेट्रिक छात्रावासों में सीटों की भारी कमी है, बच्चों को बाहर रहकर शिक्षा हासिल करनी पड़ रही है और सरकार युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूल और शिक्षक ही खत्म कर रही है। जब सरकार बच्चों की बुनियादी ज़रूरतों को नहीं समझती, तब जनता सड़कों पर उतरती है आज जो बच्चे सड़क पर बैठे हैं, वे भविष्य के डॉक्टर, इंजीनियर, अफसर बन सकते थे लेकिन भाजपा की नीतियों ने उन्हें मजबूर कर दिया।

## महिला एवं बाल विकास विभाग में खुलकर हो रही मनमानी: तुलिका

**दंतेवाड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग में सहायक ग्रेड-2 संतोष झा के तबादले का मामला अब पूरी तरह से गरमा गया है। तबादले पर हो रही लेटलतीफी को लेकर जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि किसी भी शासकीय कर्मचारी का तबादला होने पर नियमतः उसे नवीन पदस्थाना स्थान पर जाकर ज्वाईंग देना होता है। महिला बाल विकास विभाग ने लिपिक तबादले के बाद भी उसे भारमुक्त नहीं करना और नियम-कायदों का हवाला देकर उसे पखवाड़े भर से रोके रखना इस बात को प्रमाणित करता है कि कहीं ना कहीं बाबू और अधिकारी का गठजोड़ है। महिला एवं बाल विकास विभाग में तमाम प्रकार की योजनाएं संचालित होती है। विभाग में कई सारे योजनाओं में अनियमितताएं है। तुलिका ने कहा कि महिला बाल विकास विभाग में जितने भी भ्रष्टाचार हुए हैं उसमें बाबू और जिला कार्यक्रम अधिकारी दोनों की मिलीभगत कई बार सामने आ चुकी है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि बाबू के चले जाने से जिला कार्यक्रम अधिकारी के कई काले कारनामे सामने आ सकते हैं, जिससे वह डरे हुए हैं और बाबू को रिलीव नहीं कर रहे हैं। इससे पहले भी विभाग संतोष झा का तबादला भैरमगढ़ हुआ था पर साहब की मेहरबानी के चलते उनका तबादला रोक दिया गया था।



# योजनाओं से जोड़ने लगाया सुविधा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा/कोंटा



देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में माओवाद प्रभावित दूरस्थ क्षेत्रों में ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए विशेष सुविधा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत यह शिविर शासन की योजनाओं पहुंचाने के साथ ही सरकार और समाज के बीच विश्वास का सेतु भी बन रहा है, जिससे विकास की किरण सबसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है।

कोंटा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम पंचायत सालातोंग में 15 से 17 जुलाई तक आयोजित शिविर में पोटकपल्ली, पालाचलमा और पेंटापाड़ के ग्रामीणों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता ओपन, वोटर आईडी कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, केसीसी, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड और वय वंदन योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य कार्ड बनाए जा रहे हैं। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। शिविर में पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के साथ ही शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य जरूरी जानकारी और लाभ भी ग्रामीणों को सीधे तौर पर मुहैया कराए जा रही है।

### स्वास्थ्य सेवा से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक

शिविर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पात्र ग्रामीणों का पंजीकरण कर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिससे वे 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें। साथ ही वयोवृद्ध नागरिकों के लिए वय वंदन कार्ड बनाकर उन्हें विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### आगामी सुविधा शिविर

नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत लगातार शिविर लगाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 31 जुलाई तक जिले के विभिन्न चिन्हांकित ग्रामों में शिविर लगाए जा रहे हैं। 23 से 27 जुलाई तक दुलेड़ में आयोजित किया जाएगा जिसमें दुलेड़, बुरकापाल और एल्मागुंडा के ग्रामीण शामिल होंगे और 29 से 31 जुलाई तक गोलापल्ली में आयोजित शिविर में सिंगाराम, क्रिस्टाराम, गंगलेर और मेहता के ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा।

# क्रमोन्नत वेतन के लिए याचिका दायर करने की तैयारी में शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



पदोन्नति व क्रमोन्नति न दिये जाने पर उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा सोना साहू के दायर याचिका पर निर्णय देते हुए 10 एवं 20 वर्षो की सेवा की पूर्णता पर समयमान वेतनमान देने हेतु शासन को निर्देश दिया। सोना साहू के प्रकरण जैसे ही प्रदेश भर में हजारों शिक्षक क्रमोन्नति हेतु पात्र है, जिन्हे आज पर्यन्त तक क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिला है।

शिक्षक एल.बी संवर्ग के हजारो कर्मचारी शासन से क्रमोन्नत वेतनमान हेतु सामान्यकृत आदेश की बाट जोह रहे है। शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि सोना साहू को उच्च न्यायालय बिलासपुर से निर्णय उपरांत लगभग 12 लाख रूपये क्रमोन्नत वेतनमान की एरियर्स राशि प्राप्त हुई है। प्रदेश के हजारों कर्मचारियों को भी लगभग उनके सेवाकाल एवं पदानुरूप 5 लाख से 15 लाख की क्रमोन्नति एरियर्स राशि मिलनी है।

सोना साहू के प्रकरण एवं प्रदेश के अन्य कर्मचारियों के प्रकरण एक जैसे ही है, जिसमें शासन सामान्यकृत आदेश प्रसारित कर प्रदेश के समस्त एल.बी संवर्ग के समस्त शिक्षक साथियों को क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ प्रदान कर सकता है किन्तु शासन सोना साहू के प्रकरण को व्यक्तिगत मानकर समस्त कर्मचारियों के लिए सामान्यकृत आदेश जारी न कर अपने जवाबदेही से बचना चाह रहा है एवं अन्य कर्मचारियों को न्यायालय की शरण में जाने को बाध्य कर रहा है। शालेय शिक्षक संघ जिला ईकाई दंतेवाड़ा ने संगठन की बैठक कर चिंता व्यक्त की। हमारे कुछ कर्मचारी सेवानिवृत हो चुके है एवं कुछ सेवानिवृति की कगार पर है, जिन्हें लगभग तीस वर्षों की सेवा उपरांत भी क्रमोन्नत वेतनमान के लाभ से वंचित होने के कारण उन्हे अपने स्वत्वो , वेतनमान एवं पेंशन के निर्धारण में भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। शालेय शिक्षक संघ अपने कर्मचारियों की व्यथा से क्षुब्ध होकर उनके हितों के संवर्धन हेतु समिति के माध्यम से न्यायालय से न्याय पाने हेतु याचिका दायर करने का फैसला लिया है।

इस बैठक में शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारी शैलेश सिंह, कुलदीप सिंह, श्रीमती दीपमाला वेक, पुरूषोत्तम लाल साहू, दिनेश गभेल, गजलू पोडियाम, अंकित गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह गौतम, विनय प्रधान, केशव स्वर्ण, पलकेश सोनी, देवेन्द्र धीवर, दीपक शास्त्री एवं बड़ी संख्या में शिक्षक एल.बी. संवर्ग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# सालों से लंबित मामले निपटा रही हैं तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बकावंड

विकासखंड में सुशासन दिखने लगा है। मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर अब राजस्व विभाग लगातार लोगों को अपने त्वरित कार्यों से प्रभावित कर रहा है।

बस्तर कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में बकावंड की युवा और महिला तहसीलदार जागेश्वरी

■ बकावंड तहसील में दिखने लगा साय का सुशासन

गावड़े ने सूझबूझ से सभी राजस्व प्रकरण निपटने में तेजी लाई है। इसका फायदा आम लोगों को मिलने लगा है। इससे लोगों में खुशी की लहर है और वे कलेक्टर तथा तहसीलदार की प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं। बकावंड तहसीलदार कई सालों से लंबित




भूमि संबंधित प्रकरण एवं जाति निवास प्रमाण पत्र के कार्य बड़ी तेजी से निपटा रही हैं। तहसीलदार की इस पहल से यहां के लोग बहुत खुश हैं और कलेक्टर हरिस एस एवं तहसीलदार जागेश्वरी गावड़े की दिल खोलकर तारीफ कर रहे हैं।

बस्तर कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार बकावंड तहसीलदार जागेश्वरी गावड़े राजस्व संबंधित विवादित भूमि एवं जाति निवास या तहसील संबंधित मामले को जल्द निपटाने का प्रयास कर रही हैं। ताकि किसानों को बकावंड तहसील कार्यालय के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़े और वे ताकि किसान अपने अपनी खेती किसानी में ज्यादा समय दे सकें। किसानों का बंटवारा, नामांतरण, किसान किताब में नाम जोडने एवं मृत किसानों के नाम काटने कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश तहसीलदार ने हल्का पटवारियों को दिए हैं।

उन्होंने लोक सेवा केंद्र को भी जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र के मामलों का निराकरण करने कहा है ताकि छात्र छात्राओं को सहीं समय स्कूल कॉलेज दाखिला मिल सके। बकावंड तहसील अंतर्गत कुल दर्ज केस 7580 रहे हैं, जिनमें 7489 का निराकारण कर दिया गया है। कुल 91 प्रकरण मूल न्यायलय में लबिंत हैं और 87 दर्ज हैं। बकावंड तहसील अंतर्गत ग्रामीणों की समस्याओं निराकरण तेजी से किया जा रहा है।

**न्यायालय तहसीलदार, (नजूल), जगदलपुर जिला, बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202506151700006/272/ब-121/2024-25
निवासी-राजेन्द्र नगर वार्ड जगदलपुर।

**// उद्घोषणा पत्र //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती यशोदा ठाकुर पति स्व. आसमन सिंह ठाकुर निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड क्र.-21 जगदलपुर तहसील जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.) के द्वारा अपने पति स्व. आसमन सिंह ठाकुर पिता स्व. श्याम सिंह ठाकुर वन मंडल सुकमा जिला सुकमा (छ.ग.) में संलग्नाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। जिनकी मृत्यु दिनांक 24/05/2025 को हो गई है, तथा उसका वैध वारिस होना बताते हुए तहसीलदार (नजूल) जगदलपुर के न्यायालय में वारिसान प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया है।

उपरोक्तानुसार स्व. आसमन सिंह ठाकुर पिता स्व. श्याम सिंह ठाकुर निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड क्र.-21 जगदलपुर का वारिसान प्रमाण पत्र जारी करने में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपने आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय की पेशी तिथि 15.07.2025 के पूर्व पेश कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्रस्तुत आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

उद्घोषणा पत्र आज दिनांक 01.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार (नजूल)
जगदलपुर

**खबर संक्षेप**

## शहर के 3 वार्ड में बांटी गई मच्छरदानी



**जगदलपुर।** मच्छरदानी वितरण के साथ शासन की योजना के अंतर्गत महापौर संजय पाण्डे व अन्य जनप्रतिनिधियों ने मां दंतेश्वरी वार्ड की बुजुर्ग महिला को वाकर दिया। वही महापौर ने स्वच्छता सम्बन्धी शपथ भी दिलवाई। बारिश में अक्सर मच्छर जनित बीमारियों की आशंका रहती है। बीमारियों से बचाव हेतु आज शहर के मां दंतेश्वरी वार्ड, सदर वार्ड,सुभाष वार्ड में मच्छरदानी का वितरण कर लोगों को सजग रहने की अपील की गई। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा, योगेंद्र पाण्डे, संजय विश्वकर्मा, कलावती कसेर, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद पूनम सिन्हा, आशा साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता उमाकांत सिंह, धर्मपाल महावर, आरयेंन्द्र सिंह आर्य, मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, रंजीता पानीग्राही, महामंत्री संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा, ब्रिजेश शर्मा, दिलीप सुंदरानी, रितेश सिन्हा, सूर्यभूषण सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## एकलव्य विद्यालय में 40 सीटो पर मिलेगा प्रवेश

**जगदलपुर।** एकलव्य विद्यालय कोड़ेनार में कक्षा 11वीं में स्वीकृत सभी संकाय (विज्ञान,गणित, वाणिज्य, कला) कुल सीटों की संख्या 90 है। जिनमें से 50 सीट विद्यालय के पूर्व छात्रों के लिए रिजर्व है तथा शेष 40 (सीटों की आवश्यकता अनुसार संख्या बढ़ या घट सकती है)। सीटों पर प्रवेश के लिए फार्म सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

## नैनो डीएपी उपयोग करने की सलाह

**जगदलपुर।** राज्य शासन किसानों को खेती-किसानी हेतु उन्नत तकनीक सुलभ करवाने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से नैनो डीएपी को बढ़ावा दे रही है। जो पैदावार बढ़ाने के लिए भी उपयोगी साबित हो रही है। इसी क्रम में अब साधारण डीएपी के स्थान पर नैनो डीएपी को विकल्प के तौर पर आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। किसान अब सहकारी समितियों के साथ ही निजी प्रतिष्ठानों से आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उपसंचालक कृषि राजीव श्रीवास्तव ने कृषि समसामयिक सलाह में किसानों को डीएपी के स्थान पर वैकल्पिक रूप में नैनो डीएपी का उपयोग करने का आग्रह करते हुए इसे लैम्पस समितियों से उठाव किए जाने कहा है।

# स्वच्छता जागरूकता अभियान के दूसरे दिन महापौर, पार्षदो के साथ निकला दल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

### गीला और सूखा कचरा अलग अलग कर वाहनो में डालने की व्यापारियों से की गई अपील

शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए नगर निगम ने कमर कस ली है। रोजाना अलग-अलग तरीकों से नए प्रयास किए जा रहे हैं। सभी से अपील की जा रही है कि अपने घरों से निकलने वाला गीला व सूखा कचरा को अलग- अलग रखें। जिससे कि स्वच्छता दीदी सेग्रीग्रेशन सेंटर में कचरे को व्यवस्थित कर सकें। इंदौर की तर्ज पर जगदलपुर को भी स्वच्छता में नंबर वन लाने का प्रयास किया जा रहा है।

इसकी शुरूआत सोमवार से की गई। अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को महापौर संजय पाण्डे के नेतृत्व में गोल बाजार चौक में शाम 5 बजे से बैनर व माईक लेकर रैली की शक्ल में सभी निकले और लोगों को जागरूक किया। संजय पाण्डे व सभी लोगों ने प्रत्येक दुकानों में जाकर दुकानदारों से हाथ जोड़कर निवेदन किया कि वह गीला व सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में रखें। आपका यह सहयोग शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने में बड़ा योगदान देगा। उन्होंने कहा आपका एक छोटा सा सहयोग नगर निगम के लिए बहुत बड़ा सहयोग होगा।



***ये रहे मौजूद***

*महापौर के साथ निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, योगेंद्र पांडे, संजय विश्वकर्मा, हरीश पारेख, पार्षद नेहा ध्रुव, आशा साहू, पूनम सिन्हा, उमा मिश्रा, गायत्री बघेल, श्वेता बघेल, अनूप जैन, विवेक जैन, वैभव जैन, रुपेश जैन, अंश, सिद्धार्थ, विकास चौधरी, निवेश, विशाल, हार्दिक, सौरभ, पारस जैन, राजपाल कसेर, रामनरेश पांडे, रतन व्यास, राजीव निगम, नलिन शुक्ला, धीरज कश्यप, रोशन झा, गीता नाग, रंजीता पानीग्राही, अनिमेष चौहान, श्रीश मिश्रा, हेमंत श्रीवास, दामोदर कुमार, योगेश पांडे, रूपेश बिजोरा आदि उपस्थित रहे।*

नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में टॉप पर लाना है। इसी उद्देश्य को लेकर महापौर अपनी टीम के साथ लोगों के समक्ष पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि वे कचरे को अन्यत्र न फेंके। नगर निगम के कचरा गाड़ी में ही कचरा डालें। उन्होंने कहा स्वच्छ जगदलपुर एवं सुंदर जगदलपुर बनाने में सबकी भागीदारी आवश्यक है। सभी अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान में डस्टबीन रखें। कचड़ा गाड़ी यदि नियमित नहीं आता है तो टोल फ्री नंबर निदान 1100 या अपने वार्ड पार्षद से संपर्क करें।

स्वच्छता सभापति लक्ष्मण झा ने कहा गीला और सूखा कचरा अलग अलग करने से न केवल पुनर्चक्रण आसान होता है, बल्कि इससे पर्यावरण की भी रक्षा होती है। गीले कचरे को सही तरीके से प्रबंधित करने से जैविक खाद तैयार किया जा सकता है। जिससे भूमि की उर्वरता बढ़ाई जा सकती है और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचता। सूखा कचरा वह कचरा होता है जो जैविक नहीं होता और जिसे पुनः उपयोग किया जा सकता है।

### एक साथ दो शिवलिंग और नाग देवता के दर्शन से अभिभूत है शिवभक्त

# प्राचीन शिवलिंग मिलने के बाद श्रद्धालुओं ने कराया भंडारा






**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

संजय बाजार के व्यापारियों ने विगत सप्ताह विशाल बरगद वृक्ष के नीचे चबूतरे से एक साथ 2 शिवलिंग प्रकट होने की दैविक घटना के बाद मंगलवार को बाजार परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया।भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को भोजन करवाया गया। बाजार में इस पेड़ के नीचे वर्षों पहले एक छोटा सा शिव मंदिर स्थापित किया गया था जिसके जीर्णोद्धार के दौरान एक के बाद एक कर दो शिवलिंग के दर्शन हुए। श्रावण माह के चलते शिवलिंग के मिलते ही यहां आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस स्थान को लेकर स्थानीय निवासियों की मान्यता रही है कि यह स्थान चमत्कारी है। एक महिला श्रद्धालु के अनुसार उन्होंने इसी स्थान पर संतान प्राप्ति की मन्नत मांगी थी, जो पूरी होने के बाद उन्होंने मंदिर निर्माण का संकल्प लिया था। वर्षों से यह स्थान लोगों की अटूट आस्था का केंद्र बना हुआ है। हिंदू संगठनों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने प्रशासन से इस स्थान को संरक्षित करने की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया है कि यहां भव्य और पक्के शिव मंदिर का निर्माण कराया जाए, ताकि यह धार्मिक स्थल और भी सुव्यवस्थित रूप में विकसित हो सके। सबने मिलकर इस अवसर पर भंडारा कराने का निर्णय लिया जिसमें बड़े व्यापारियों के साथ सभी छोटे व्यापारियों ने भी सहमति दी। भंडारे के दौरान संजय बाजार व्यापारी कल्याण संघ के अध्यक्ष पंकज सिंघल, सचिव हरेश नागवानी, सहसचिव विष्णु ठाकुर, गिरीश तिवारी, समीर, आशीष कोटक, राजू तिवारी, प्रशांत, धनेश, विक्की ठाकुर एवं बहुत से व्यापारी व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### आस्था का केंद्र बना चबूतरा स्थित मंदिर



शहर की सबसे बड़ी सब्जी मंडी संजय मार्केट में 4 जुलाई को एक चबूतरे पर निर्माण कार्य के दौरान जमीन के नीचे प्राचीन शिवलिंग प्रकट हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पूर्व में चबूतरे पर स्थित छोटे मंदिर में स्थान बेहद कम था और यहां मौजूद शिवलिंग के ऊंचाई पर स्थापित होने की वजह से श्रद्धालुओं को अभिषेक करने में दिक्कत होती थी। इस वजह से इस मंदिर को व्यवस्थित और पक्का स्वरूप देने के लिए जब स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य शुरू किया, तभी चबूतरे को तोड़ने पर करीब 3 फीट गहराई में पहला शिवलिंग मिला। इसके साथ ही बरगद की विशाल जड़ों की गहराइयों में दो नागदेवता के दर्शन भी हुए। लोगो ने शिवलिंग मिलने के बाद उनके वाहन नंदी की खोज शुरू की और इसी खुदाई में दूसरी ओर जमीन के नीचे डेढ़ फीट का एक और शिवलिंग मिला जिसकी गहराई काफी भीतर तक थी। तत्काल मंदिर को व्यवस्थित और भव्य रूप देने का कार्य शुरू किया गया। एक साथ दो शिवलिंग प्रकट होनें की बात तेजी से शहर में फैल गई। इस घटना के बाद बड़ी संख्या मे श्रद्धालु शिवलिंग के दर्शन करने पहुंच रहे है।

## जिले में परिवहन सुविधा केन्द्र नहीं पर आरटीओ एजेंट ने लिखा बोर्ड



**जगदलपुर।** लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों को जिला परिवहन कार्यालय न आना पड़े और अपने आसपास ही यह काम हो जाए इसके लिए बस्तर जिले में 3 परिवहन सुविधा केंद्र खोले गए थे। तीनों को पंजीयन रिनीवल नहीं हो सका, इसलिए वर्तमान में जिले में एक भी परिवहन सुविधा केन्द्र नहीं है। वहीं शहर के आरटीओ एजेंट ने दुकान में परिवहन सुविधा केन्द्र का बोर्ड लगा रखा है, पर इस पर परिवहन विभाग की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इसके चलते वाहन मालिक एवं चालक परेशान हैं। बताया जा रहा है कि परिवहन सुविधा केन्द्र में लोगों के लिए मूलभूत सुविधाएं जैसे कर्मचारियों की सूची, किस कार्य के लिए कितनी दर का डिसप्ले, पार्किंग की सुविधा आदि होना चाहिए है, इसकी सुविधा होने के चलते तीनों केन्द्रों का पंजीयन रिनीवल नहीं हो सका। साथ ही परिवहन सुविधा केंद्रों में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सुविधा दी गई है, जहां जाकर आसानी से लर्निंग लाइसेंस बनवा सकते थे।

- विभाग का ध्यान नहीं व वाहन मालिक व चालक परेशान

### शीघ्र होगी कार्रवाई

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि परिवहन सुविधा केन्द्र के लिए लोगों आवेदन नहीं दिया, आवेदन मिलने पर केन्द्र शुरू किया जाएगा। आरटीओ एजेंट ने दुकान में परिवहन सुविधा केन्द्र का बोर्ड लगाने पर शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी।

# अटल परिसर में लगेगी 9 फीट ऊंची अटल जी की प्रतिमा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**



लालबाग में निमार्णाधीन अटल परिसर का निरीक्षण मंगलवार को महापौर संजय पांडे ने किया। इस अटल परिसर को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिए। अटल बिहारी बाजपेई की 9 फीट की ऊंची प्रतिमा यहां लगाई जाएगी। संजय पाण्डे ने बताया अटल परिसर के अंदर अटल बिहारी बाजपेई की 9 फीट ऊंची प्रतिमा लगाई जाएगी। मूर्ति बनकर तैयार है, जैसे ही अटल परिसर का निर्माण कार्य पूर्ण होता है वैसे ही मूर्ति का लोकार्पण किया जाएगा, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। निरीक्षण के दौरान निगम के इंजीनियर व तकनीकी स्टाफ को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। अटल परिसर के अंदर लाइटिंग किया जाएगा वहीं पार्क के रूप में भी इस परिसर को विकसित किया जाएगा। इंजीनियर दीपांशु देवांगन व अमर सिंह ने महापौर को बताया कार्य प्रगति पर है व जल्द ही इसका निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। बेहतर तरीके से अटल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। उनके साथ नगर निगम के अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद आशा साहू, पूनम सिन्हा सहित नगर निगम के इंजीनियर मौजूद रहे।

# प्रथम सावन सोमवार में शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

- महादेवघाट, भूतेश्वर महादेव, झाड़ेश्वर, सीताराम शिवालय, प्रतापदेव शिवालय में दर्शन के लिए लगी कतार



प्रथम सावन सोमवार को शहर समेत बस्तर अंचल के दूरस्थ सुदूर क्षेत्रों एवं ओडिशा सीमा से सटे देवड़ा स्थित झाड़ेश्वर महादेव मंदिर व गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भगवान शिव के दर्शन और पूजा के लिए विभिन्न शिवालयों में सुबह से कतार लगाए अपने पारी का इंतजार करते रहे। सभी शिवालयों में ॐ नमः शिवाय और हर-हर महादेव के जयकारे की गूंज रही।

श्रद्धालु शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का जल, दूध आदि से जलाभिषेक किया। साथ ही विभिन्न प्रकार के फूल, बेलपत्र, फल आदि अर्पण कर पूजा अर्चना कर परिवार के खुशहाली की कामना की। शहर के प्राचीन मंदिर इन्द्रावती तट पर स्थित महादेवघाट में सुबह से भक्तों की कतार रही। जिसमे बड़ी संख्या में मातृशक्तियां व पुरुषों के अलावा युवक-युवतियां, वृद्धजन एवं छोटे बच्चे शिव दर्शन में पहुंचे। प्रवीर वार्ड स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में स्वंयम्भू विराजे भूतेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से दर्शन व पूजा के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शाम को मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड का पाठ किया गया। तत्पश्चात भूतेश्वर महादेव का श्रृंगार किया गया। श्रृंगार दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। प्रतापतदेव स्थित शंकर देवालय एवं सीताराम शिवालय सहित समस्त शिवालयों में पूजन के लिए भक्तों की भीड़ रही।

इधर शहर सीमा से सटे घाटपदमूर के उपजन कुंड पर श्रद्धालुओं ने किया। उपजन कुंड के मध्य स्थित शिव मंदिर में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। यहां दर्शन के लिए भक्तों को पूर्व में पानी मे उतरकर मंदिर पहुंचना पड़ता था, 2021 में बने लोहे के पुल ने श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम बना दी है। जबकि पहले ग्रामीणों को गहरे पानी से होकर मंदिर तक पहुंचना पड़ता था। ग्रामीण क्षेत्र में चपका, देवड़ा, चित्रकोट, रामपाल के मंदिरों में भी भक्तों ने शिव आराधना के साथ पूजा की।

# गणित और भौतिकी के 11वीं,12वीं के विद्यार्थियों के लिए उत्तम रीडिंग मैटेरियल की व्यवस्था

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

- उत्कृष्ट कार्य के लिए 5 शिक्षको का हुआ सम्मान



कलेक्टर महोदय हरीश एस और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल तथा जिला समन्वयक अखिलेश मिश्र ने जिले के समस्त शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 11वीं 12वीं के विज्ञान संकाय और गणित संकाय के विद्यार्थियों के लिए जेईई नीट जैसे परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष पहल करने की बात कही है। ओपन लिंक्स फाउंडेशन प्रोग्राम मैनेजर राजेंद्र विश्वकर्मा ने हायर सेकेंडरी विद्यालयों के फिजिक्स विषय के व्याख्याताओं को जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को एक मंच प्रदान किया जा रहा है। ओपन लिंक फाउंडेशन और अवंती फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान से स्कूल से ही कोचिंग की बेहतर व्यवस्थाए उत्तम रीडिंग मैटेरियल प्रदान करना उसके साथ ही प्रत्येक 15 दिनों में टेस्ट पेपर की सीरीज उपलब्ध करवाई जाएगी। कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजन पश्चात सॉल्यूशन भी प्रदान किए जाएंगे। इन सभी प्रक्रियाओं में समस्त हायर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा ग्यारहवीं और 12वीं के विज्ञान संकाय के सभी विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। रजिस्टर हुए विद्यार्थियों को ही इसका लाभ मिल पाएगा। ओपन लिंक्स फाउंडेशन से नीलम अहिरवार, समस्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक, एवं जिले के विज्ञान और भौतिकी संकाय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

बस्तर जिले में शिक्षा के क्षेत्र में आचार्य विनोबाभावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच शिक्षकों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में मोहम्मद अकबर खान, ज्योति सरवन, अनूप कुर्रे, रियाजअली एवं यशवंत ठाकुर को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम विनोबा एप के माध्यम से शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल एवं अखिलेश मिश्र जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा और विनोबा एप की प्रभारी नीलम अहिरवार उपस्थित थीं।

